कार्यालय क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
(बरेली एवं मुरादाबाद मण्डल)

कार्यालय पता–26 सिविल लाइन्स, आनन्द आश्रम के सामने (काष्ठ कला केन्द्र) बरेली पिन कोड 243005
ई–मेल– rhoobarollly@gmail.com

पत्रांक: क्षे.का.ब./ 553 /2026–27 दिनांक– 06/5/26

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबंधक/निदेशक/सचिव/अध्यक्ष,
समस्त राजकीय एवं सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय
तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थान,
जनपद–बरेली

ई–मेल/रागयबद्ध

विषय– उत्तर प्रदेश में 07 मई, 2026 से 21 मई, 2026 तक स्वगणना के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

कृपया जिलाधिकारी महोदय, बरेली के द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में अवगत कराना है कि उ0प्र0 में स्वगणना का कार्य 07 मई, 2026 से 21 मई, 2026 तक संपन्न कराया जायेगा । इसमें नागरिक डिजिटल इंडिया अंतर्गत घर बैठे मोबाईल/कम्प्यूटर द्वारा पोर्टल/वेबसाइट https://se.census.gov.in पर लाग–इन के माध्यम से जनगणना संबंधी सूचनायें भर सकेंगे । जनगणना संबंधी सूचनायें भरने के उपरान्त एक 12 अंकों की SEID मिलेगी । इसके उपरान्त दिनांक 22.05.2026 से 23.05.2026 तक संगणक घर–घर जाकर उक्त कार्य करेंगे जिन्होंने आनलाईन माध्यम से पूर्व में ही स्वगणना कर ली है उनको संगणक को अपना 12 अंको की SEID संगणक को उपलब्ध करानी होगी । इससे जनगणना का कार्य सरल एवं त्वरित गति से पारदर्शिता के साथ सम्पादित करने में सहयोग मिलेगा ।

इसी कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने–अपने महाविद्यालयों/संस्थानों में स्वगणना एवं जनगणना– 2026 का प्रचार–प्रसार छात्र/छात्रओं के मध्य करने का कष्ट करें । जनगणना–2026 के संबंध में पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://se.census.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । उक्त कार्य शासन की प्राथमिकता में है अतः व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है ।

भवदीय

प्रो0(डॉ0सुधीर कुमार)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
बरेली

राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर, बरेली।

उत्तर प्रदेश में 07 मई, 2026 से 21 मई,2026 तक स्वगणना के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना।

दिनांक 06.05.2026

महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त पत्र के अनुसार उत्तर प्रदेश में स्वगणना का कार्य 07 मई, 2026 से 21 मई, 2026 तक संपन्न होगी सभी छात्र–छात्रा डिजिटल इंडिया अंतर्गत घर बैठे मोबाईल/कम्प्यूटर द्वारा पोर्टल/बेवसाइट **https://se.census.gov.in** पर लाग–इन कर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
फरीदपुर (बरेली)

Scanned with CamScanner